इनोवेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप से बदलेगी शहर की तस्वीर

PIC: DAINIK JAGRAN INEXT

● ओरिएंटेशन में शामिल होने गए टीचर्स.

सीएसजेएम यूनिवर्सिटी के टीचर्स ईडीआईआई गांधीनगर के स्टार्टअप ओरिएंटेशन में शामिल हुए

kanpur@inext.co.in

KANPUR (12 March): सीएसजेएम यूनिवर्सिटी के छह सदस्यों का दल ईडीआईआई, गांधीनगर की ओर से आयोजित एक स्टार्टअप ओरिएंटेशन में शामिल हुआ. इनोवेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप के नए अवसर तैयार करने और एंटरप्रेन्योरशिप को बढ़ावा देने के लिए टीचर्स को प्रशिक्षित किया गया. पांच दिवसीय ओरिएंटेशन प्रोग्राम में में स्टार्टअप, इनोवेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप के विकास पर चर्चाएं हुईं. यहां स्टार्टअप के लिए तकनीक के उपयोग, विविध फंडिंग स्कीमो के बारे में बताया गया. कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक ने कहा कि कानपुर को अपनी पुरानी पहचान पाने के लिए स्टार्टअप और उद्यमिता के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभानी होगी.

स्टार्टअप पर फोकस

सीएसजेएमयू इनोवेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप सेल के सदस्य डॉ. शिल्पा कायस्थ देशपांडे, डॉ एकता खरे, डॉ प्रभात द्विवेदी, डॉ शिवेंदु रंजन, डॉ प्रशांत त्रिवेदी, डॉ. श्रीहर्षा ने इसमें शामिल हुए. सीएसजेएमयू के कुलपति प्रो. विनय पाठक ने कहा यूनिवर्सिटी के द्वारा कानपुर के ग्रामीण अंचलों में कृषि और एग्रोटेक के स्टार्टअप के लिए कार्य किया जाएगा. उन्होंने कहा कि महिला उद्यमी एवं उद्यमियों को ज्ञान तकनीकी ज्ञान, आईपीआर, मार्केटिंग आदि में पूर्ण सहयोग देकर एक सहज व स्टार्टअप के अनुकूल वातावरण प्रदान किया जाएगा. ईडीआईआई द्वारा आयोजित इस प्रोग्राम में गवर्नर एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल के मार्गदर्शन में सीएसजेएमयू के अतिरिक्त प्रदेश के तीन अन्य यूनिवर्सिटी के 14 टीचर्स ने भाग लिया.

सीएसजेएमयू के साथ तीन अन्य यूनिवर्सिटी के 14 टीचर्स ने भाग लिया